# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
# ग्राम पंचायत अधिकारी (VDO) भर्ती परीक्षा, 2015

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 21-02-2016)

## भाग-1 : हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता

**1. "कर्कश" का विलोम, नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनें।**

(a) कठोर (b) विवेकी

(c) मधुर (d) विनम्र

**Ans: (c)** मधुर, कर्कश शब्द का विलोम है जबकि कठोर कोमल का, विवेकी अविवेकी का तथा विनम्र धृष्ट का विलोम है।

**निर्देश प्र०सं० (2-3) : वाक्यांशों के लिए एक उचित विकल्प चुनें-**

**2. जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो।**

(a) इन्द्रजेय (b) इन्दु

(c) इन्द्रजीत (d) जितेन्द्रिय

**Ans: (c)** 'जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो' वह 'इन्द्रजीत' कहलाता है जबकि इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने वाला 'जितेन्द्रिय' कहलाता है।

**3. उच्च कुल में पैदा व्यक्ति।**

(a) धनी (b) सवर्ण

(c) श्रेष्ठ (d) कुलीन

**Ans: (d)** उच्च कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति 'कुलीन' कहलाता है।

**4. "ईश्वर तुम्हें दीर्घायु दे"। अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ।**

(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) विस्मयवाचक वाक्य

(c) इच्छावाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य

**Ans: (c)** जिस वाक्य से इच्छा, स्तुति या आशींवाद का बोध होता है, उसे इच्छावाचक वाक्य कहते है। अतः "ईश्वर तुम्हे दीर्घायु दे" एक इच्छावाचक वाक्य है।

**5. "श्री गणेश" का विलोम शब्द है-**

(a) श्री राधा (b) इति श्री

(c) विनाश (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans: (b)** 'श्री गणेश' का विलोम शब्द 'इति श्री' है।

**6. "फूल" का पर्यायवाची नहीं है-**

(a) सुमन (b) पुष्प

(c) तनुजा (d) कुसुम

**Ans: (c)** सुमन, पुष्प, कुसुम फूल के पर्यायवाची शब्द है इसके अन्य पर्यायवाची शब्द प्रसून, लातान्त्र, मंजरी, गुल है जबकि तनुजा, बेटी या पुत्री का पर्यायवाची शब्द है।

**7. किस रस को रसराज कहा जाता है?**

(a) वीर रस (b) हास्य रस

(c) शृंगार रस (d) शांति रस

**Ans: (c)** 'शृंगार रस' को 'रसराज' की उपमा से अलंकृत किया गया है।

**8. मन रे तन कागद का पुतला।**
**लागै बूँद बिनसि जाय छिन में,**
**गरब करे क्या इतना॥**
**इन पंक्तियों में कौन-सा रस है?**

(a) भक्ति रस (b) शृंगार रस

(c) करुण रस (d) शांत रस

**Ans: (d)** जिन विषयों या उद्दीपनों से परमात्मा के वास्तविक रूप का ज्ञान होता है और अन्य विषयों से वैराग्य हो जाता है उसे शांत रस कहते है।

मन रे . . . . . . . . . . . . क्या इतना।। इस पद्य में कवि ने तन, को कागज के पुतले के समान माना है जो कि क्षणिक भर में पानी की बूँदों से नष्ट हो सकता है फिर भी इस तन पर इतना गुमान क्यों। यहाँ पर कवि तन को छोड़कर परमात्मा के प्रति अनुराग पैदा करता है अतः उपरोक्त पद्य में 'शान्त रस' होगा।

**9. जिस छन्द में चार चरण और प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती है वह कहलाता है**

(a) दोहा (b) सोरठा

(c) रोला (d) चौपाई

**Ans: (d)** चौपाई एक सम मात्रिक छन्द है। इसमे चार चरण तथा प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती है। चरण के अन्त में दीर्घ (गुरू) के बाद ह्रस्व (लघु) वर्ण आना वर्जित है।

उदाहरण -

गुरू पद राज मृदु मंजुल अंजन। नयन अमिय दृगदोष विभंजन।।
तेहिं करि विमल विवेक विमोचन। बरनउँ रामचरित भवमोचन।।

**10. "कल्पवृक्ष" का पर्यायवाची है-**

(a) पारिजात (b) कल्पतरु

(c) देववृक्ष (d) ये सभी

**Ans: (d)** पारिजात, कल्पतरू, देववृक्ष, देवद्रम, मन्दार, हरिचन्दन, कल्पद्रुम आदि "कल्पवृक्ष" के पर्यायवाची शब्द है।

**11. हिन्दी की आदि जननी क्या है?**

(a) पालि (b) संस्कृत

(c) अपभ्रंश (d) प्राकृत

**Ans: (b)** वैदिक 'संस्कृत' से हिन्दी भाषा का विकास हुआ है संस्कृत भाषा के तत्व भारत के सभी भाषाओं में समान रूप से मिलते है। जिस रूप में आज हिन्दी भाषा बोली व समझी जाती है वह खड़ी बोली का साहित्यिक रूप है, जिसका विकास मुख्यतः 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में हुआ।

**12. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 14 अक्टूबर (b) 14 सितम्बर
(c) 11 जून (d) 15 सितम्बर

**Ans: (b)** "14 सितम्बर" हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**13. दिन रात अध्ययन करके भी वह प्रथम स्थान न प्राप्त कर सका। नीचे दिए गए विकल्पों में से इस वाक्य में रेंखांकित शब्द की वर्तनी शुद्ध कीजिये।**

(a) आध्यन (b) अध्ययन्
(c) अध्ध्यन (d) अद्ध्यन

**Ans: (b)** शुद्ध वर्तनी शब्द है- दिन रात 'अध्ययन' करके भी वह प्रथम स्थान न प्राप्त कर सका।

**14. अविकारी शब्द क्या होता है?**

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) अव्यय (d) विशेषण

**Ans: (c)** जिन शब्दों के रूपों में लिंग, वचन और कारक के अनुसार कोई परिवर्तन नहीं होता है उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं। जैसे- आगे, पीछे, ऊपर, नीचे, यहाँ, वहाँ आदि। अविकारी शब्द को अव्यय भी कहा जाता है। इसके चार भेद होते हैं-
1. क्रिया-विशेषण 2. सम्बन्ध-बोधक
3. समुच्चय-बोधक 4. विस्मयादि-बोधक

**15. हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या है-**

(a) 32 (b) 34
(c) 33 (d) 36

**Ans: (c)** हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या 33 होती है।

**निर्देश प्र०सं० (16-20) : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़िए और उनके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।**

कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ठोकर मार, पटक मत माथा
तेरी राह रोकते पाहन
कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ले-देकर जीना, क्या जीना?
कब तक गम के आँसू पीना?
मानवता ने तुझको सींचा
बहा युगों तक खून पसीना!

**16. कवि क्या करने की प्रेरणा दे रहा है?**

(a) गम के आँसू पीने की
(b) आत्म समर्पण की
(c) रुकावटों को ठोकर मारने की
(d) कुछ भी न बनने की

**Ans: (c)** उक्त पंक्ति में कवि का भाव जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों का डटकर सामना करने से है। कवि कायर व्यक्ति के जीवन को व्यर्थ बताता है।

**17. इन पंक्तियों में कायर का अर्थ है-**

(a) सहज (b) समझौतावादी
(c) चालाक (d) दुष्ट

**Ans: (b)** कवि के अनुसार कायर वह व्यक्ति है जो जीवन की कठिनाइयों से समझौता कर लेता है।

**18. "कुछ भी बन बस कायर मत बन" कवि ने क्यों कहा है?**

(a) कुछ भी बनना आसान है
(b) कुछ भी बनना मुश्किल है
(c) कायर मनुष्य का जीवन व्यर्थ है
(d) कायर मनुष्य अच्छा नहीं होता

**Ans: (c)** कवि कायर न बनने की प्रेरणा दे रहा है क्योंकि कायर व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

**19. पाहन शब्द का पर्यायवाची है-**

(a) मेहमान (b) पैर
(c) पत्थर (d) पर्वत

**Ans: (c)** पाहन का शाब्दिक अर्थ पत्थर है।

**20. कवि के अनुसार किस प्रकार का जीवन व्यर्थ है?**

(a) आदर्शवादी (b) समझौतावादी
(c) खून-पसीना बहाकर (d) रुकावटों को ठोकर मारना

**Ans: (b)** उपर्युक्त पंक्ति के अनुसार समझौतावादी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ है। समझौतावादी व्यक्ति से आशय है कि दुखों और कठिनाइयों को सहते रहने वाला व्यक्ति।

**21. इस समास में पहला पद संख्यावाचक होता है-**

(a) अव्ययीभाव (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय

**Ans: (b)** जिस समास का प्रथम पद संख्यावाचक और अन्तिम पद संज्ञा होता है उसे "द्विगु समास" कहते है।
जैसे- त्रिफला -तीन फलों का समाहार
नवग्रह - नव ग्रहों का समाहार इत्यादि।

**22. "राजपुत्र" में कौन-सा समास है?**

(a) तत्पुरुष (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय

**Ans: (a)** जिस समास में अन्तिम पद प्रधान होता है उसे तत्पुरुष समास कहते है। सामान्यतः इसमें प्रथम पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य होता है तथा कारको (कर्ता व सम्बोधन को छोड़कर) की विभक्ति प्रथम पद और दूसरे पद के बीच लुप्त होती है।
**जैसे** -राजपुत्र - राजा का पुत्र (षष्ठी तत्पुरुष)
रोगग्रस्त - रोग से ग्रस्त (तृतीया तत्पुरुष)

**निर्देश प्र०सं० (23-24) : निम्नलिखित प्रत्येक चार विकल्पों में से बेमेल शब्द को चिन्हित कीजिये।**

**23.** (a) समस्या (b) खेद
(c) कठिनाई (d) जटिलता

**Ans: (b)** समस्या, कठिनाई तथा जटिलता किसी काम के परेशानियों को दर्शाता है जबकि खेद इनसे भिन्न है।

ROJGAR with ANKIT

24. (a) घर (b) प्रियजन
(c) परिवार (d) बच्चे

**Ans: (a)** परिवार, प्रियजन तथा बच्चे, रिस्तों को दर्शाता है जबकि 'घर' इन सबसे भिन्न है।

**25. जिस समास का पूर्वपद (पहला पद) प्रधान हो उसे कौन सा समास कहते हैं?**
(a) संबंध तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व

**Ans: (c)** अव्ययीभाव समास का 'प्रथम पद प्रधान' और अव्यय होता है। प्रायः इन शब्दों का प्रयोग क्रिया विशेषण की भांति होता है। जैसे- प्रतिदिन - दिन-दिन, यथार्थ - अर्थ के अनुसार, बेकाम - बिना काम का इत्यादि।

**निर्देश प्र॰सं॰ (26-29) : निम्न भक्ति काव्य के प्रमुख कवि कौन हैं?**

**26. दिए गए विकल्पों में से निर्गुण भक्ति काव्य के प्रमुख कवि कौन हैं?**
(a) सूरदास (b) कबीर
(c) तुलसीदास (d) केशव

**Ans: (b)** कबीर 'निर्गुण भक्ति धारा' के ऐसे कवि थे जो संत होने के बाद भी पूर्णतः गृहस्थ जीवन का निर्वाह किया। इन्होंने जाति-प्रथा, धार्मिक कर्मकाण्ड, बाह्य आडम्बर, मूर्तिपूजा, जप-तप, अवतारवाद आदि का घोर विरोध करते हुए ऐकेश्वरवाद एवं निराकार ब्रह्म की उपासना को महत्व दिया।

**27. भारतीय संविधान में किस भाषा को ''राजभाषा'' के रूप में स्वीकार किया गया है?**
(a) अंग्रेजी (b) उर्दू
(c) हिन्दी (d) तमिल

**Ans: (c)** संविधान के भाग-17 के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा 'हिन्दी' व लिपि 'देवनागरी' है।

**28. ''कामायनी'' महाकाव्य के रचियता कौन हैं?**
(a) सूरदास (b) प्रेमचंद
(c) जयशंकर (d) कबीरदास

**Ans: (c)** महाकाव्य 'कामायनी' के रचयिता जयशंकर प्रसाद जी है। इनके द्वारा रचित अन्य काव्य - चित्राधार, कानन कुसुम, झरना, आँसू, लहर, प्रेम पथिक है।

**29. ''पृथ्वीराज रासो'' किस काल की रचना है?**
(a) आदिकाल (b) रीतिकाल
(c) भक्तिकाल (d) आधुनिक काल

**Ans: (a)** ''पृथ्वीराज रासो'' आदिकाल की रचना है। इसके रचयिता ''चन्दबरदाई'' है। आदिकाल की अन्य रचनाएं - वीसलदेव रासो (नरपतिनाल्ह), परमाल रासो (जगनिक), विजयपाल रासो (नल्लसिंह) हैं।

**30. दिवसावसान का समय**
**मेघमय आसमान से उतर रही है**
**वह संध्या-सुन्दरी परी सी**
**धीरे-धीरे-धीरे**
**इन पंक्तियों में कौन सा अलंकार है?**
(a) रूपक (b) उपमा
(c) श्लेष (d) मानवीकरण

**Ans: (d)** जिस पंक्ति में निर्जीव वस्तु का वर्णन सजीव (मानव) की तरह किया जाय या निर्जीव वस्तु का मानवीकरण कर दिया जाय तो वहां पर मानवीकरण अलंकार होता है।

**31. हिन्दी शब्दकोश में ''क्ष'' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?**
(a) क (b) छ
(c) त्र (d) ज्ञ

**Ans: (a)** हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम 'क' के बाद आता है। क्ष = क् + ष् अतः यह 'क' के बाद आयेगा।

**32. ''खग जाने खग ही की भाषा'' लोकोक्ति का उचित अर्थ, नीचे दिए विकल्पों में से बताइएँ।**
(a) पक्षियों की तरह बोलना
(b) पक्षियों की भाषा न जानना
(c) पक्षी अपनी भाषा स्वयं समझते हैं
(d) समान प्रवृत्ति वाले लोग एक-दूसरे को सराहते हैं

**Ans: (d)** लोकोक्ति ''खग ही जाने खग ही की भाषा'' का उचित अर्थ - समान प्रवृत्ति वाले लोग एक-दूसरे की समझते हैं।

**33. नीचे दिए गये वाक्य के पहले और अंतिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है इनके बीच के अंशों को चार भागों में बांट कर (य), (र), (ल) तथा (व) की संख्या दी गई हैं। ये चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं इन चारों को उचित क्रम में लगाए ताकि एक सही वाक्य बन सके।**
**(1) जिस प्रकार**
(य) दहकना है उसी प्रकार
(र) उसके स्वभाव का
(ल) मनुष्य का धैर्य
(व) अग्नि का धर्म
**(6) पर्याय होना चाहिये।**
(a) र ल य व (b) व य र ल
(c) व य ल र (d) ल य व र

**Ans: (c)** वाक्य का सही क्रम है- जिस प्रकार अग्नि का धर्म दहकना है, उसी प्रकार मनुष्य का धैर्य उसके स्वभाव का पर्याय होना चाहिये।

**34. ''अक्ल का दुश्मन'' मुहावरे का अर्थ है-**
(a) मित्र (b) महापंडित
(c) महामूर्ख (d) शत्रु

**Ans: (c)** 'अक्ल का दुश्मन' मुहावरे का अर्थ 'महामूर्ख' होता है।

**35. वाक्य के अशुद्ध भाग (त्रुटिपूर्ण भाग) का चयन कीजिये। यदि कोई त्रुटि न हो तो भाग (d) को चिन्हित कीजिये।**

धनवान को व्यर्थ / बेकार में / सहायता
(a) (b)
देकर कोई लाभ न होगा! / कोई त्रुटि नहीं।
(c) (d)

**Ans: (b)** संशोधित वाक्य है - धनवान को व्यर्थ में सहायता देकर कोई लाभ न होगा क्योंकि यहां द्विरुक्ति दोष है। अतः बेकार शब्द को हटा देने से वाक्य शुद्ध हो जायेगा।

**36. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) सर्वोतम (b) संसरिक
(c) सच्चिदानन्द (d) कीर्ती

**Ans: (c)** 'सच्चिदानन्द' शुद्ध वर्तनी शब्द है जबकि सर्वोतम का सर्वोत्तम, संसरिक का सांसारिक तथा कीर्ती का कीर्ति शुद्ध वर्तनी शब्द होगा।

**37. उपसर्ग का प्रयोग होता है-**

(a) शब्द के आदि में (b) शब्द के मध्य में
(c) शब्द के अन्त में (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans: (a)** जो शब्दांश शब्दों के आदि में जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तित कर देते है उपसर्ग कहलाते है। जैसे- जय शब्द का अर्थ विजय से है परन्तु इस शब्द के आगे 'परा' उपसर्ग जोड़ देने से पराजय शब्द बन जाता है जिसका अर्थ हारने से है।

**38. ''मिठास'' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?**

(a) मीठा (b) ठास
(c) आस (d) प्यास

**Ans: (c)** जो शब्दांश शब्दों के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता लाते है वे प्रत्यय कहलाते है। जैसे - 'आस' इच्छावाचक प्रत्यय है। इससे बनने वाले शब्द - मिठास, प्यास, निकास आदि हैं।

**39. ''सत्याग्रह'' का सही संधि-विच्छेद है-**

(a) सत्या + ग्रह (b) सत + आग्रह
(c) सत्य + ग्रह (d) सत्य + आग्रह

**Ans: (d)** 'सत्याग्रह' का सही विग्रह 'सत्य + आग्रह' होगा। यहा दीर्घ संधि है। इसमें दो सवर्ण 'अ' और 'आ' मिलकर दीर्घ 'आ' बन जाते है।

**40. दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार या परिवर्तन को कहते हैं-**

(a) संधि (b) समास
(c) उपसर्ग (d) प्रत्यय

**Ans: (a)** दो समीपवर्ती वर्णों के मेल से जो परिवर्तन (विकार) होता है, संधि कहलाता है। इसमें पहले शब्द के अन्तिम वर्ण और दूसरे शब्द के आदि वर्ण का मेल होता है। जैसे -
देव + आलय = देवालय, परि + ईक्षा = परीक्षा आदि।

## भाग-2 : सामान्य जानकारी

**41. एक एकड़ में कितने वर्ग गज होते हैं?**

(a) 4840 वर्ग गज (b) 4550 वर्ग गज
(c) 5248 वर्ग गज (d) 4482 वर्ग गज

**Ans: (a)** 1 एकड़ = 4840 वर्ग गज

**42. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना किस वर्ष में हुई है?**

(a) 1941 (b) 1940
(c) 1937 (d) 1935

**Ans: (d)** रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की स्थापना 1 अप्रैल 1935 ई॰ को की गई, तथा इसका राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी 1949 ई॰ को किया गया। सन ऑसबोर्न स्मिथ आर॰बी॰आई के प्रथम गर्वनर थे।

**43. उत्तर प्रदेश राज्य का राज्य पक्षी कौन सा है?**

(a) मोर (b) हंस
(c) कोयल (d) सारस

**Ans: (d)** उत्तर प्रदेश राज्य का राजकीय पक्षी सारस अथवा क्रौंच है।

**44. किस राज्य सरकार द्वारा सबसे पहले किसानों के लिए प्रमाणित बीज पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की सुविधा आरम्भ की गयी है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) केरल

**Ans: (b)** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अप्रैल 2015 में सर्वप्रथम किसानों के लिए प्रमाणित बीज पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की सुविधा आरम्भ की गई।

**45. किसी ग्राम पंचायत द्वारा उप प्रधान को पद से हटाने के लिए कम से कम कितने पंचायत सदस्यों का समर्थन आवश्यक है?**

(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$
(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{2}{3}$

**Ans: (d)** ग्राम पंचायत द्वारा उपप्रधान को उसके पद से हटाने के लिए कम से कम $\frac{2}{3}$ सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता पड़ती है। यह प्रस्ताव जिला पंचायत राज्य अधिकारी को भेजा जायेगा। अविश्वास प्रस्ताव एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के पश्चात ही लाया जायेगा उससे पहले नही। यदि एक बार प्रस्ताव निरस्त हो गया तो दोबारा ऐसा प्रस्ताव एक वर्ष तक नही लाया जा सकेगा।

**46. किस शहर को अभी तक ''राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र'' में सम्मिलित नहीं किया गया है?**

(a) जींद (b) करनाल
(c) अलीगढ़ (d) मुज्जफरनगर

**Ans: (c)** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले को अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित नही किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित क्षेत्र - दिल्ली, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, गौतम बुद्धनगर, बुलंदशहर, मेरठ, बागपत, हापुड, मुजफ्फर नगर, हरियाणा के फरीदाबाद, गुड़गाँव, मेवात, रोहतक, सोनीपत, खेड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, महेन्द्रगढ़, भिवानी, जींद, करनाल तथा राजस्थान के भरतपुर एवं अलवर है।

**47. हाल ही में उत्तर प्रदेश राज्य का नाम ''गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड'' में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा चलाये गये किस अभियान के लिये दर्ज किया गया?**

(a) स्वच्छ भारत (b) क्लीन यू॰पी॰ ग्रीन यू॰पी॰
(c) वन रक्षण (d) बाघ बचाओं

**Ans: (b)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 7 नवम्बर 2015 को क्लीन यू॰पी॰ ग्रीन यू॰पी॰ अभियान के तहत एक ही दिन में विभिन्न जिलों में 10 लाख से अधिक वृक्षरोपण किया, इस अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य का नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड' में सम्मिलित किया गया।

**48. वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य में कितने ग्राम पंचायत हैं?**

(a) लगभग 25000 (b) लगभग 32000
(c) लगभग 42000 (d) लगभग 52000

**Ans: (d)** प्रश्नाकाल के समय उत्तर प्रदेश राज्य में 52890 के लगभग ग्राम पंचायते थी जबकि वर्तमान में इनकी संख्या लगभग 58000 हो गई है।

**49. निम्न में से किसने कभी भी भारत के उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार नहीं संभाला?**

(a) मोरारजी देसाई (b) देवी लाल
(c) वी॰पी॰ सिंह (d) लाल कृष्ण आड़वाणी

**Ans: (c)** वी॰पी॰ सिंह स्वतन्त्र भारत के आठवें प्रधानमंत्री थे, यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके है। इन्होंने भारत के उपप्रधान मंत्री के पद को कभी भी सुशोभित नही किया है।
भारत के उपप्रधानमंत्री-सरदार बल्लभ भाई पटेल, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, जगजीवनराम, यशवंतराव चव्हाण, चौधरी देवी लाल, लाल कृष्ण आडवाणी।

**50. किसी विधानसभा में भारत के संविधान के अनुसार कम से कम और अधिक से अधिक कितने सदस्य हो सकते हैं?**

(a) 30 एवं 272 (b) 80 एवं 540
(c) 54 एवं 333 (d) 60 एवं 500

**Ans: (d)** विधान सभा जनता के प्रतिनिधियों का सदन है। इसकी न्यूनतम सदस्य संख्या 60 तथा अधिकतम सदस्य संख्या 500 है, विधानसभा की संरचना अनुच्छेद 170 के तहत किया गया है।

**51. निम्न में से कम्प्यूटर नेटवर्क में क्या अद्वितीय नहीं होता है?**

(a) आई.पी. पता (b) कम्प्यूटर का नाम
(c) वर्कग्रुप का नाम (d) यह सभी

**Ans: (c)** आई॰पी॰पता (I.P. Address), कम्प्यूटर का नाम दोनो ही अद्वितीय (Unique) होते है। I.P. Address नेटवर्क पर प्रयुक्त मुख्य प्रोटोकॉल है जो इंटरनेट पर संचार स्थापित करने के लिए प्रयोग किया जाता है। वर्कग्रुप का नाम अद्वितीय नही होता है।

**52. कम्प्यूटर प्रणाली में CD-ROM द्वारा क्या दर्शाया जाता है?**

(a) ऑप्टिकल डिस्क
(b) मैग्नेटिक ऑप्टिकल डिस्क
(c) मैग्नेटिक डिस्क
(d) इनमें से कोई नहीं

**Ans: (a)** कम्प्यूटर प्रणाली में CD-ROM द्वारा ऑप्टिकल डिस्क को दर्शाया जाता है। यह प्लास्टिक का बना गोल डिस्क होता है, इसमें डिस्क के ऊपरी सतह पर प्रकाश परवर्तित करने वाले पदार्थ की लेप लगायी जाती है डिस्क पर लिखने / पढ़ने के लिए लेजर बीम का प्रयोग किया जाता है।

**53. माइक्रोसॉफ्ट एक्सल की कम्प्यूटर फाइल को किस प्रकार नाम दिया जाता है?**

(a) .doc (b) .xls
(c) .pmt (d) .xml

**Ans: (b)** माइक्रोसॉफ्ट एक्सल की कम्प्यूटर फाइल को .xls नाम से सुरक्षित रखा जाता है। माइक्रोसॉफ्ट एक्सल एक विंडोज आधारित स्प्रेडशीट प्रोग्राम है, यह प्रोग्राम गणितीय गणनाओं तथा अंकीय डाटा के लिए उपयुक्त माना जाता है।

**54. निम्न में से कौन सा एक कम्प्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है?**

(a) Linux (b) MS-DOS
(c) MS-Word (d) Unix

**Ans: (c)** MS-Word एक लोकप्रिय वर्ड प्रोसेसिंग साफ्टवेयर है इसमें टेक्स्ट चित्र तथा ग्राफिक्स का निर्माण किया जा सकता है तथा टेक्स्ट की फारमेटिंग भी की जाती है जबकि अन्य सभी कम्प्यूटर आपरेटिंग सिस्टम हैं।

**55. कम्प्यूटर में निम्न में से कौन सी इनपुट डिवाइस नहीं हैं?**

(a) माउस (b) प्रिंटर
(c) की-बोर्ड (d) स्कैनर

**Ans: (b)** कम्प्यूटर की इनपुट डिवाइस - की-बोर्ड, माउस, जायास्टिक, प्रकाशीय पेन, स्कैनर, बार कोड रीडर, माइकर, मार्क रीडर, डिजिटल कैमरा, माइक, स्पीच रिकॉंगनीशन सिस्टम आदि है। कम्प्यूटर आउटपुट डिवाइस - मॉनीटर, प्रिंटर, प्लॉटर, स्पीकर, कार्डरीडर, टेप रीडर आदि।

**56. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 21 जुलाई (b) 27 जुलाई
(c) 11 जुलाई (d) 27 अगस्त

**Ans: (c)** विश्व जनसंख्या दिवस प्रतिवर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है।

**57. निमोनिया रोग शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है?**

(a) फेंफड़े (b) क्लोम
(c) यकृत (d) आंत

**Ans: (a)** निमोनिया रोग शरीर के फेफड़े (Lungs) को प्रभावित करता है, यह श्वसन सम्बन्धी रोग है।

**58. निम्न में से सर्वाधिक सीमाओं वाला देश कौन सा है?**

(a) चीन (b) ब्राजील
(c) कनाड़ा (d) भारत

**Ans: (a)** सर्वाधिक सीमाओं वाला देश चीन है जिससे 14 देश की सीमायें स्पर्श करती है। भारत 07, ब्राजील 10, कनाडा 04 देश की सीमायें को स्पर्श करती है।

**59. मानव रक्त में प्लाज्मा की लगभग कितनी मात्रा होती है?**

(a) 26-30% (b) 55-60%
(c) 70-75% (d) 80-85%

**Ans: (b)** मानव रक्त में प्लाज्मा की लगभग 55-60% मात्रा होती है तथा शेष 45-40% में रुधिर कणिकाएं होती है। प्लाज्मा में 90% भाग जल तथा शेष 10% भाग प्रोटीन तथा कार्बनिक एवं अकार्बनिक पदार्थ होते हैं।

**60. पंडित शिवकुमार शर्मा का सम्बन्ध संगीत के किस वाद्य से है?**

(a) तबला (b) शहनाई
(c) सारंगी (d) सन्तूर

**Ans: (d)** पंडित शिवकुमार शर्मा प्रख्यात भारतीय सन्तूर वादक है। सन्तूर एक कश्मीरी लोक वाद्य है।

**61. भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन सा है?**

(a) पद्म श्री (b) पद्म विभूषण
(c) अशोक चक्र (d) भारत रत्न

**Ans: (d)** भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न है, इसकी शुरूआत 1954 ई० में हुई थी, यह 26 जनवरी को भारत के राष्ट्रपति के द्वारा प्रदान की जाती है, इसके मेडल पर सूर्य का चित्र अंकित होता है।

**62. भारत में राष्ट्रपति अपना कार्यकाल पूरा होने के पहले अपना त्यागपत्र किसको सौंपतें हैं?**

(a) मुख्य न्यायाधीश (b) उपराष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) लोकसभा अध्यक्ष

**Ans: (b)** भारत में राष्ट्रपति अपना कार्यकाल पूरा होने के पूर्व अपने पद का त्याग करना चाहता है तो वह अपना त्याग पत्र उपराष्ट्रपति को सौंपतें है।

**63. वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य के पंचायती राज मंत्री कौन हैं?**

(a) श्री शिवपाल यादव (b) श्री कैलाश यादव
(c) श्री बलराम यादव (d) श्री दुर्गा प्रसाद यादव

**Ans: (*)** उत्तर प्रदेश राज्य के पंचायती राज मंत्री श्री कैलाश यादव थे, जिनकी अकस्मात मृत्यु फरवरी 2016 में हो गयी थी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य के पंचायत राज मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी हैं, जबकि ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह हैं।

**64. स्वतंत्र भारत में उत्तर प्रदेश के प्रथम विधान सभा अध्यक्ष कौन थे?**

(a) पुरूषोत्तम दास टण्डन (b) मदन मोहन वर्मा
(c) दरबारी लाल शर्मा (d) नफीसुल हसन

**Ans: (a)** स्वतंत्र भारत में उत्तर प्रदेश राज्य के प्रथम विधान सभा अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम दास टण्डन (31-07-1937 से 10-08-1950 ) थे।

**65. निम्न में से किसने भारत के 43वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की है?**

(a) जस्टिस टी० एस० ठाकुर
(b) जस्टिस धनंजय चन्द्रचूड़
(c) जस्टिस संजय किशन कौल
(d) जस्टिस एन० वी० रमन

**Ans: (a)** जस्टिस टी०एस० ठाकुर भारत के 43वें मुख्य न्यायाधीश थे।

**66. भारत का सबसे दक्षिणी छोर कौन सा है?**

(a) इन्दिरा कौल (b) गुहार मोती
(c) किबिथू (d) इंदिरा पाईंट

**Ans: (d)** भारत का सबसे दक्षिणी छोर इन्दिरा प्वाईंट है। इन्दिरा कोल - उत्तरी छोर, किबिथू - पूर्वी छोर तथा गुहार मोती - पश्चिमी छोर पर स्थित है।

**67. भारत में जहाँगीर का शासनकाल क्या था?**

(a) 1605 - 1627 ई० (b) 1627 - 1658 ई०
(c) 1658 - 1707 ई० (d) 1707 - 1748 ई०

**Ans: (a)** भारत में जहाँगीर का शासन काल वर्ष 1605 - 1627 तक था, इसका शासन काल चित्रकला का स्वर्ण युग था। 7 दिसम्बर 1627 ई० में इसकी मृत्यु हो गई।

**68. आधुनिक हिन्दी साहित्य का पिता किसे माना जाता है?**

(a) मुंशी प्रेमचंद (b) भारतेन्दु हरीशचन्द्र
(c) भीष्म साहनी (d) देवकी नंदन पंत

**Ans: (b)** हिन्दी का काल विभाजन के कारण आधुनिक हिन्दी साहित्य का पिता भारतेन्दु हरीशचन्द्र को माना जाता है। ये आधुनिक हिन्दी के पहले रचनाकार थे। हिन्दी का सर्वप्रथम काल विभाजन गिर्यसन के द्वारा किया गया था। इनका प्रसिद्ध नाटक 'अंधेर नगरी चौपट राजा' तथा 'भारत दुर्दशा' है।

**69. स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय व अन्तिम गवर्नर जनरल कौन थे?**

(a) चक्रवती राजगोपालचारी (b) लार्ड माउण्ट बैटन
(c) नरसिम्हा चारी (d) रामास्वामी सी० आर०

**Ans: (a)** स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय व अन्तिम गवर्नर जनरल चक्रवती राज गोपालचारी (1948) थे।

**70. ''लोहे की एक छोटी गोली पानी में डूब जाती है जबकि जहाज (जलयान) पानी पर तैरता है।'' यह सिद्धान्त निम्न में से किस वैज्ञानिक के सिद्धान्त पर आधारित है?**

(a) अल्बर्ट आइंस्टाइन (b) ब्लेज पास्कल
(c) न्यूटन (d) आर्कमिडिज

ROJGAR With ANKIT

**Ans: (d)** "लोहे की एक छोटी गोली पानी में डूब जाती है जबकि जहाज (जलयान) पानी पर तैरता है" यह आर्कमिडिज के प्लवन के सिद्धान्त पर आधारित है। लोहे की गोली का भार उसके द्वारा हटाए गए जल के भार से अधिक होता है जिससे वह जल में डूब जाती है जबकि जहाज का ढांचा इस प्रकार बनाया जाता है कि उसके द्वारा हटाये गये जल का भार जहाज तथा उस पर लदे समान के भार से अधिक हो जाता है। जिससे जहाज पानी पर तैरने लगता है।

## भाग-3 : सामान्य बुद्धि परीक्षण


**71. अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर को यदि वर्णमाला में उसके क्रमांक के समान मूल्य दिया जाये तो निम्न लिखित में से किसके सभी अक्षरों के मूल्यों का योग सर्वाधिक होगा?**

**HEART, LIVER, LUNGS, TEETH**

(a) HEART (b) LIVER
(c) LUNGS (d) TEETH

**Ans: (c)** प्रश्नानुसार अक्षरों के मूल्यों का योगफल निम्न होगा।
HEART ⇨ 8 + 5 + 1 + 18 + 20 = 52
LIVER ⇨ 12 + 9 + 22 + 5 + 18 = 66
LUNGS ⇨ 12 + 21 + 14 + 7 + 19 = 73
TEETH ⇨ 20 + 5 + 5 + 20 + 8 = 58
स्पष्ट है कि LUNGS के अक्षरों के वर्णमाला क्रमांक के समान मूल्य के मानो का योगफल सर्वाधिक (73) है।

**72. नीचे एक पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 2 के विपरीत फलक पर कौन सा अंक होगा?**




(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**Ans: (c)** जब दो पासों के दो-दो अंक समान हो तथा तीसरा अंक भिन्न हो तब तीसरी संख्या आपस में विपरित क्रम में होती है। पासा (i) तथा पासा (iii) के 3 तथा 4 अंक दोनों पासों में है अतः शेष तीसरी संख्या 2 के विपरित 5 होगा।

**73. एक 18 सेमी के ठोस घन से यदि 3 सेमी के छोटे-छोटे घन बनाये जायें तो कुल कितने घन बनेंगे?**

(a) 216 (b) 24
(c) 124 (d) 6

**Ans: (a)** ठोस का आयतन = 18 × 18 × 18
छोटे घन का आयतन = 3 × 3 × 3
अभीष्ट घनों की संख्या $= \frac{18\times18\times18}{3\times3\times3} = 6 \times 6 \times 6 = 216$

**74. यदि किसी माह की 23वीं तारीख को रविवार है तो 2 सप्ताह और 4 दिन पहले कौन सा दिन था?**


(a) सोमवार (b) मंगलवार
(c) बुद्धवार (d) बृहस्पतिवार

**Ans: (c)** 23 वीं तारीख के 2 सप्ताह और 4 दिन पहले का दिन
= 23 वीं तारीख के 4 दिन पहले का दिन।
23 को रविवार 22 को शनिवार
21 को शुक्रवार 20 को गुरूवार
19 को बुधवार
अतः 23वीं तारीख से 2 सप्ताह और 4 दिन पहले बुधवार था।

**75. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए विनोद ने कहा, "यह मेरी पत्नी की माता की एक मात्र पुत्री की पुत्री है।" विनोद का फोटो वाली लड़की से क्या सम्बन्ध है?**

(a) चाचा (b) पिता
(c) भाई (d) दादा

**Ans: (b)**




संबंध आरेख से स्पष्ट है कि विनोद फोटो वाली लड़की का पिता है।

**76. एक पिता ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर कुछ लड़के व लड़कियों को बुलाया। लड़कों की संख्या लड़कियों से 2 कम थी। पिता ने सभी लड़कों को ₹10 और सभी लड़कियों को ₹20 उपहार स्वरूप दिये। यदि कुल 280 खर्च हुये तो लड़कों की संख्या बताओ।**

(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 14

**Ans: (a)** माना लड़कों की संख्या x है
तथा लड़कियों की संख्या (x + 2)
प्रश्नानुसार
10 x + 20 (x + 2) = 280
10 x + 20 x + 40 = 280
30 x = 280 - 40
$x = \frac{240}{30} = 8$
अतः बुलाये गये लड़कों की संख्या 8 थी

**77. एक परीक्षा में 5 छात्र A, B, C, D और E उपस्थित हुए। यदि C को B से 5 अंक कम मिले, D को B से 10 अंक अधिक मिले और A से 20 अंक कम मिले एवं E को B से 22 अंक अधिक मिले हों और B को कुल 40 अंक मिले हों तो A को कितने अंक मिले?**

(a) 52 (b) 60
(c) 64 (d) 70

ROJGAR With ANKIT

**Ans: (d)** माना B को x अंक मिले तब प्रश्नानुसार

C = x - 5 ---------- (i)

D = x + 10 ---------(ii)

A = X + 10 + 20 ------ (iii)

E = X + 22 -------- (iv)

समी॰ (iii) से

A = x + 10 + 20

= 40 + 10 + 20 [∵ x = 40]


= 70

**78. एक समूह में, 7 व्यक्ति अंग्रेजी बोल सकते हैं, 15 व्यक्ति हिन्दी बोल सकते हैं और 6 व्यक्ति पंजाबी बोल सकते हैं। इस समूह में केवल 1 व्यक्ति तीनों भाषा बोल सकता है और 2 व्यक्ति केवल 2 भाषाऐं बोल सकते हैं। समूह में कुल कितने व्यक्ति हैं?**

(a) 23 (b) 24

(c) 25 (d) 26

**Ans: (b)**




वेन आरेख की सहायता से समूह में व्यक्तियों की कुल संख्या = 4 + 4 + 13 + 1 + 1 + 1

= 21 + 3

= 24

**79. एक घड़ी 4:30 का समय दिखा रही है। यदि मिनट की सुई पूर्व दिशा की ओर है तो घण्टे की सुई की दिशा क्या होगी?**

(a) दक्षिण-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम

(c) उत्तर-पूर्व (d) उत्तर

**Ans: (c)** प्रश्नानुसार यदि मिनट की सुई पूर्व में होगी तब घंटे की सुई उत्तर पूर्व दिशा में होगी।

**80. निम्न सारणी में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर तार्किक रूप से उपयुक्त विकल्प बताइये:**

| | | |
|---|---|---|
| 169 | 144 | 289 |
| 121 | 196 | 441 |
| 64 | 81 | 225 |
| 32 | 35 | ? |

(a) 53 (b) 72

(c) 69 (d) 90

**Ans: (a)** श्रृंखला इस प्रकार है-

$(13)^2 + (11)^2 + (8)^2 \Rightarrow 13 + 11 + 8 = 32$

$(12)^2 + (14)^2 + (9)^2 \Rightarrow 12 + 14 + 9 = 35$

$(17)^2 + (21)^2 + (15)^2 \Rightarrow 17 + 21 + 15 = 53$

**81. निम्न सारणी में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर तार्किक रूप से उपयुक्त विकल्प बताइये:**

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 |
| 20 | 30 | 10 |
| 95 | 145 | ? |

(a) 225 (b) 75

(c) 45 (d) 30

**Ans: (c)** जिस प्रकार,

$5 \times 2 = 7 + 3 \Rightarrow 10 = 10$

$20 \times 2 = 30 + 10 \Rightarrow 40 = 40$

उसी प्रकार, $95 \times 2 = 145 + ?$

$? = 190 - 145 = 45$

**82. दी गयी संख्याओं की श्रृंखला में एक संख्या गलत है। उस गलत संख्या का पता लगाओ:**

**17, 19, 23, 29, 33, 37, 41**

(a) 17 (b) 33

(c) 23 (d) 41

**Ans: (b)** शेष सभी अभाज्य संख्याओं की क्रमिक श्रृंखला है।

**83. यदि '+' का अर्थ घटाना हो, '÷' का अर्थ जोड़ना हो, '-' का अर्थ गुणा करना हो और '×' का अर्थ भाग देना हो तो निम्नलिखित समीकरणों में से कौन सा सही है?**

(a) 56 + 12 × 34 - 12 = 102

(b) 8 ÷ 44 - 5 + 25 = 203

(c) 112 × 44 - 12 + 10 = 46

(d) 9 ÷ 64 - 2 × 6 = 54

**Ans: (b)** विकल्प (b) में प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर

8 + 44 × 5 - 25 = 8 + 220 - 25 = 203

**निर्देश प्रश्न संख्या 84-85: निम्न प्रश्नों में चिन्ह : : के बांई ओर दो शब्द दिये हैं वे दाहिनी ओर एक शब्द एवं एक स्थान खाली है। दाहिनी ओर वाले शब्दों के सम्बन्ध के अनुरूप '?' पर सही विकल्प बतायें।**

**84. 122 : 170 :: 290 : ?**

(a) 316 (b) 344

(c) 360 (d) 362

**Ans: (d)** जिस प्रकार $(11)^2 + 1 = 122$

$(13)^2 + 1 = 170$

उसी प्रकार

$(17)^2 + 1 = 290$

$(19)^2 + 1 = 362$

**85. BACE : ONPR : : JIKM : ?**

(a) XYWZ (b) UZYW

(c) WVXZ (d) WVZY

**Ans: (c)** जिस प्रकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| B | A | C | E |
| +13↓ | +13↓ | +13↓ | +13↓ |
| O | N | P | R |

उसी प्रकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| J | I | K | M |
| +13↓ | +13↓ | +13↓ | +13↓ |
| W | V | X | Z |

**86. A तथा B ने एक बिन्दु से विपरीत दिशाओं में चलना आरम्भ किया। दोनों 5 किमी चलकर अपने दायें मुड़ें और 7 किमी चले। उसके बाद वह फिर दायें मुड़ गये और 5 किमी चले। परिणाम स्वरूप दोनों अब एक दूसरे से कितनी दूरी पर है?**


(a) 10 किमी (b) 12 किमी

(c) 14 किमी (d) 17 किमी

**Ans: (c)**

अभीष्ट दूरी = 7 + 7

= 14




**87. एक दर्पण में देखने से पता चलता है कि एनालॉग घड़ी (सुईयों वाली) में 1 बजकर 30 मिनट समय है तो बताओ कि सही समय क्या है?**

(a) 10 बजकर 30 मिनट (b) 6 बजकर 30 मिनट

(c) 6 बजकर 10 मिनट (d) 4 बजकर 30 मिनट

**Ans: (a)** सही समय - दर्पण प्रतिबिम्ब

12:00 – 12:00

1:30 – 10:30


= 10 बजकर 30 मिनट

**88. चार छात्राएं एक चौकोर मेज के चारों तरफ बैठी हैं। मंजू, अंजू के दांई ओर बैठी है तथा वीना, कमला के बांई ओर बैठी हैं कौन सी दो छात्राऐं आमने सामने बैठी हैं जबकि कमला, अंजू के बांई ओर है।**

(a) वीना और मंजू (b) मंजू और अंजू


(c) कमला और वीना (d) मंजू और कमला

**Ans: (d)** आरेख से स्पष्ट है कि चित्र




मंजू और कमला आमने सामने बैठी है।

**89. नीचे दी गई आकृति में कुल कितने त्रिभुज हैं?**



(a) 12 (b) 16

(c) 18 (d) 20

**Ans: (d)** छोटे त्रिभुजों की संख्या = 12

दो त्रिभुजों से मिलकर बने त्रिभुजों की संख्या = 8

कुल त्रिभुजों की संख्या = 12 + 8 = 20

**90. एक झुंड में कुछ गाय, बैल एवं 45 मुर्गियाँ हैं। प्रति 15 जानवरों पर एक ग्वाला रखवाली करता है। बैलों की संख्या गायों से दुगुनी है। यदि कुल सिरों की संख्या पैरों की संख्या से (ग्वाला सहित) 186 कम है तो वहाँ कितने ग्वाले हैं?**

(a) 6 (b) 8

(c) 10 (d) 12

**Ans: (a)** विकल्प से

झुंड में कुल जानवरों की संख्या = 15 × 6 = 90

गाय और बैल की संख्या = 90 - 45 = 45

माना गायों की संख्या x तब बैलों की संख्या 2x होगी।

$x + 2x = 45$

$3x = 45$

$x = 15$

बैलों की संख्या = 2 × 15

= 30

सभी (जानवरों तथा ग्वालों) के पैरों की संख्या

= 45 × 2 + 15 × 4 + 30 × 4 + 6 × 2

= 90 + 60 + 120 + 12

= 282

अब सभी सिरों की संख्या = 90 + 6

= 96

पैरो तथा सिरों का अंतर = 282 - 96 = 186

अतः ग्वालों की संख्या = 6 है।